# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

क्रमांक/बैठक/2012/ 01

दिनांक :: 03 अक्टूबर, 2012

## बैठक कार्यवाही विवरण

दिनांक 28 सितम्बर, 2012 को प्रातः 11.00 बजे श्री रतन लाहोटी, आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की अध्यक्षता में जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों/अधिकारियों का विवरण परिशिष्ट–1 पर संलग्न है। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निम्नानुसार निर्णय लियेः–

**प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 8 अगस्त, 2012 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि।**

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से गत बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि की गयी एवं अनुपालना पर विचार विमर्श किया गया। विभिन्न विभागीय अधिकारियें को यातायात नियंत्रण बोर्ड में लिये गये निर्णयों की शीघ्र व अक्षरशः पालना के निर्देश दिये गये।

**प्रस्ताव संख्या 2 :: यातायात सुधार के तात्कालिक उपायों की समीक्षा व नवीन प्रस्ताव**

(1) यातायात सिग्नल (संकेतकों) की स्थापना व कियान्वयन – ट्राफिक लाईट्स, ब्लिंकर्स, सी.सी.टी.पी.

बैठक में अवगत कराया गया कि शहर के प्रमुख चौराहों व तिराहों पर 8 स्थानों पर यथा नई सडक, सोजतीगेट, शनिश्चर जी का थान, शास्त्रीनगर थाना के सामने, काजरी मोड, सरस्वती नगर मोड, अमृतादेवी पार्क, एयरफोर्स ऑफिसर्स मैस तिराहा पर स्वचालित ट्राफिक लाईट सिस्टम लगाये जा चुके है। इसके अतिरिक्त 32 स्थानों पर ट्राफिक ब्लिंकर्स भी लगाये गये हैं। इसके अतिरिक्त 9 स्थानों (7 चौराहे व 2 तिराहें) पर ट्राफिक लाईट लगाने के लिए 50.00 लाख रूपये सार्वजनिक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराये गये हैं।

यातायात के बढते हुए दबाव को नियंत्रित करने एवं यातायात को सुव्यवस्थित करने की दृष्टि से 7 नये चौराहे व 2 तिराहों पर ट्राफिक लाईट लगाये जाने के गत बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालना के संबंध में बैठक में उपस्थित अधिशाषी अभियन्ता–विद्युत, सार्वजनिक निर्माण विभाग ने बताया कि प्राधिकरण से दिनांक 11 सितम्बर, 2012 को 50.00 लाख रूपये प्राप्त होने के उपरान्त उक्त कार्य के लिए 3 निविदाएं जारी की गयी थी। इनमें से 1 निविदा को अन्तिम रूप दिया जाकर 12वीं रोड चौराहा, जलजोग चौराहा व खतरनाक पुलिया (रेल्वे स्टेडियम के पास) पर ट्राफिक सिंग्नल लाईट लगाये जाने के लिए कार्यादेश दिया जा चुका है। अन्य 6 स्थानों यथा पांचवी रोड चौराहा, पावटा चौराहा, पावटा सी रोड, जालोरीगेट चौराहा, होटल श्रीराम एक्सीलेंसी के सामने स्थित चौराहा, चीरघर रोड तिराहा के लिए एकल निविदाएं प्राप्त हुई है। जो स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को भिजवायी गयी है।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपस्थित अधिशाषी अभियन्ता–विद्युत, सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि प्रकरण मुख्य अभियन्ता स्तर का है। अतः तत्काल आवश्यकता को देखते हुए आगामी 3 दिवस में निविदाएं मंजूर करवायी जावे और कार्यादेश जारी करें। सिग्नल लाईट लगाये जाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जावे। बैठक में

सहायक आयुक्त–पुलिस यातायात को निर्देश दिये कि नयी लगायी जाने वाली ट्राफिक लाईटों के स्थानों पर ट्राफिक कांस्टेबल लगाये जाने की सुनिश्चितता की जावे।

(2) रोड फर्नीचर – बैरियर्स, स्पीड ब्रेकर्स, कैट आई, हैजार्ड मार्कर, लाईनिंग, साईन बोर्ड, नो–पार्किंग बोर्ड, व्हीकल लॉक, क्रेन डिलिवरी वाहन

बैठक में अवगत कराया गया कि यातायात पुलिस के सुझाव अनुसार मुख्य स्ट्रेटेजिक 4 लोकेशनों पर सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाये गये हैं। उक्त सी.सी.टी.वी. कैमरा का प्रमुख स्थानों पर अपराधिक गतिविधियों के नियंत्रण एवं बेहतर यातायात व्यवस्था में समुचित उपयोग पुलिस विभाग द्वारा किया जा रहा है। इनमें से नई सडक व पावटा चौराहे पर काम कर रहा है। इसके अलावा 15 चौराहें पर पी.एच.क्यू. से लगे हुए हैं।

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा यातायात पुलिस की मांग पर राशि रूपये 2.25 करोड़ का ट्राफिक फर्नीचर/ रोड फर्निचर भी उपलब्ध कराया हैं। जिनमें डीजल स्मोक मीटर, पेट्रोल स्मोक मीटर, आधुनिक ब्रेथएनलाईजर, रिफलेक्टिव पार्किंग बोर्ड, रिफलेक्टिव नो पार्किंग बोर्ड, रिफलेक्टिव तेज गति निषेध आई, शहर के प्रत्येक मुख्य सर्किल पर केट्स आई, स्पीड ब्रेकर, रिफलेक्टिव भारी वाहन प्रवेश निषेध के बोर्ड, पेन्टिंग कार्य, रेक्टोरिफलेटिव साईन बोर्ड, एल. टाईप बोलाड, हजार्ड मार्कर (स्विस टाईप) इत्यादि प्रमुख है। बैठक में इनके उपयोग के संबंध में यातायात पुलिस से जानकारी ली गयी। यातायात पुलिस द्वारा स्मोक मीटर खराब होने की स्थिति बताये जाने पर बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से पुनः स्मोक मीटर को ठीक करवाकर बिल भुगतान हेतु प्राधिकरण के नाम भिजवाने के निर्देश प्रदान किये।

जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोधपुर पुलिस को यातायात नियंत्रण में प्रभावी कदम उठाये जाने के लिए संवेदक के माध्यम 2 कैन माह जनवरी, 2009 से उपलब्ध करायी जा रही हैं। यातायात पुलिस द्वारा इनका उपयोग कर अवैद्य रूप से पार्क किये गये वाहनों को जब्त किये जाने की कार्यवाही की जाती है। बैठक में उपस्थित सहायक पुलिस आयुक्त–यातायात ने अवगत कराया कि इसके अतिरिक्त 1 कैन पुलिस विभाग द्वारा और एक कैन परिवहन विभाग द्वारा भी उपलब्ध करायी गयी है। उक्त सभी कैनों का उपयोग कर अब तक अवैध रूप से पार्क किये गये 527 वाहनों के विरूद्ध माह सितम्बर, 2012 में चालान किये जाने की कार्यवाही की गयी है। इसी प्रकार 1015 प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ वर्ष 2012 में कार्यवाही की गयी है।

बैठक में उपस्थित सहायक पुलिस आयुक्त–यातायात ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा दिनांक 17 अगस्त, 2012 को हस्तान्तरित 15.00 लाख रूपये की राशि में से विभिन्न स्थानों पर ट्राफिक बेरियर लगाये जाने व वाहन लॉक उपलब्ध कराये जाने के लिए कार्यादेश दिया जा चुका है एवं संवेदक द्वारा बेरीकेट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। बैठक में बाद विचार विमर्श कर निर्देश दिये कि स्थानान्तरित 15.00 लाख रूपये की राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र शीघ्र उपलबध कराया जावे एवं बेरीकेट एवं व्हीकल लॉक का उपयोग आगामी एक सप्ताह में प्रारम्भ किया जाना सुनिश्चित करें। अन्य उपकरण भी खरीदने के लिए राशि की आवश्यकता हो तो लिखित में अवगत कराया जावे।

(3) नो–एन्ट्री/नो–पार्किंग – सडकों का व समय का निर्धारण

जोधपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम की धारा 13 (3) (iv) में जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड एक तरफा यातायात, कुछ सडकों पर कतिपय प्रकार के वाहनों पर कतिपय समय के लिए प्रतिबंध एवं कुछ सडकों को कतिपय वाहनों के लिए पूर्ण वर्जित करने आदि का निश्चय करने का दायित्व निर्धारित किया गया है। जोधपुर शहर में इस संबंध में निर्णय लिया जाकर भारी वाहनों के आवागमन सुबह 7.00. बजे से रात्रि 10.00 बजे तक प्रतिबंधित कर रखा

है। बिना बिल्टी वाले ट्रकों का आवागमन शहर में पूर्णतया प्रतिबंधित है। निम्नलिखित स्थानों पर आवागमन निषेध किया गया है:–

1– खतरनाक पुलिया रोटरी चौराहा पर भारी माल वाहनों व भारी यात्री वाहनों का आवागमन दिनांक 31 मई, 2010 से निषेध किया गया है।

2– पावटा चौराहा तथा शहर के मध्य से प्रातः 6 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक प्राईवेट संविदा वाहनों का आवागमन निषेध दिनांक 31 मई, 2010 से किया गया है। जिसके कम में प्राईवेट संविदा वाहनों का शहर के मध्य से प्रातः 7.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक आवागमन निषेध किया गया है। जयपुर, दिल्ली की ओर जाने वाली प्राईवेट संविदा वाहनों का पावटा चौराहा से आवागमन निषेध किया गया है तथा बीकानेर, नागौर व श्रीगंगानगर की ओर जाने वाली प्राईवेट संविदा वाहनों के पावटा चौराहा से आवागमन को अनुमत किया गया है।

बैठक में विचार विमर्श कर निर्देश दिये कि यातायात पुलिस उक्त निर्णयों की कठोरता से पालना करें और उक्त निर्देशों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के प्रति की कार्यवाही की रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।

बैठक में अवगत कराया गया कि निम्नानुसार शहर में नो–पार्किंग स्थल चिन्हित किये गये हैं। जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

1. पोकर स्वीट होम से सेन्ट्रल पोईट होटल तक
2. किम बेकर्स के सामने से मजदूर मैदान तक
3. महात्मा गांधी अस्पताल आपातकालीन गेट से जालोरीगेट तक
4. जालोरीगेट से अभय चैम्बर व एस.बी.बी.जे. बैंक के पूर्वी कोने तक व जालोरीगेट चौराहा
5. बोम्बे मोटर्स चौराहा से आखलिया चौराहा उत्तरी रोड
6. न्यू कोहिनूर से आखलिया चौराहा दक्षिणी रोड
7. सिवांचीगेट चौराहा पर पश्चिम की ओर
8. उम्मेद अस्पताल के सामने रोड का दक्षिणी किनारा
9. जालोरीगेट चौराहा से महात्मा गांधी अस्पताल आऊटडोर गेट
10. सनसिटी मार्केट दक्षिणी किनारा
11. पावटा चौराहा से बी रोड तक दोनों तरफ
12. पावटा चौराहा से रसाला रोड रेलवे कॉसिंग के दक्षिणी तरफ
13. जलजोग चौराहा से एम.डी.एम. रोड के उत्तरी भाग में
14. सागर ज्यूस नई सडक से संगम होटल तक
15. मारवाड नमकीन पुरी तिराहा तक दक्षिण की ओर
16. अन्तराम कट्टा ज्वैलर्स से हिन्दू डेयरी पुरी तिराहा वाया सोजतीगेट सडक के उत्तरी तरफ
17. संकलेचा बद्रर्स से दैया मोटर्स तक चौपासनी रोड सडकें के दक्षिणी तरफ
18. के.एन. तिराहा से सर्किट हाऊस से जयपुर रोड की तरफ 50 मीटर तक एवं सर्किट हाऊस से भाटी चौराहा तक 50 मीटर तक तथा ताराचंद सर्किल से बडु हाऊस की तरफ 100 मीटर तक सडक के दोनों ओर भवन की सीमा का क्षेत्र

बैठक में उपस्थित अतिरिक्त आयुक्त–पुलिस यातायात ने बताया कि माह जुलाई, 2012 में 603, माह अगस्त, 2012 में 496 एवं माह सितम्बर, 2012 में 527 नो–पार्किंग जोन में खडे वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही कर चालान किया गया।

बैठक में यातायात पुलिस को नो–पार्किंग में वाहन खडे नहीं होने की सुनिश्चितता किये जाने के निर्देश प्रदान किये।

(4) चौराहों व तिराहों पर मोड (Curve-Improvement)सुधार व स्लीप लेन

शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों का सौन्दर्यकरण, सुदृढीकरण एवं यातायात सुगमता की दृष्टि से छोटे किये जाने, स्लीप लेन बनाये जाने का कार्य किया गया हैं। जिनमें रिक्तिया भैरूजी चौराहा, शताब्दी चौराहा, रोटरी चौराहा–द्वितीय, मेजर शैतानसिंह चौराहा, सर्किट हाऊस चौराहा एवं ताराचन्द चौराहा प्रमुख हैं।

बैठक में निदेशक–अभियांत्रिक को निर्देशित किया गया कि गत बैठक दिनांक 8 अगस्त, 2012 में लिये गये निर्णयानुसार गठित कमेटी की शीघ्र ही बैठक आयोजित कर जंक्शन इम्प्रुवमेंट के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करें ताकि आवश्यक कार्य को स्वीकृत किया जा सके। बैठक में अब तक प्रस्ताव पेश नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी।

(5) पार्किंग स्थानों का चिन्हीकरण व विकास

. बैठक में अवगत कराया गया कि शहर में निम्नानुसार पार्किंग स्थलों को चिन्हित किया गया है।

| क्रं. सं. | पार्किंग स्थल का विवरण | उपलब्ध क्षेत्र | वाहन पार्किंग क्षमता (ई.सी.यू.) |
|---|---|---|---|
| 1. | स्टेडियम शोपिंग सेंटर योजना – कार/जीप/टू व्हीलर हेतु | 80'x30'<br>150'x30' | 20 |
| 2. | स्टेडियम ग्राउण्ड व स्टेडियम सिनेमा के बीच – कार/जीप/स्कूटर/ बस हेतु | 380'x50' | 71 |
| 3. | मोहनपुरा पुलिया के बायीं तरफ – कार/जीप/थ्री व्हीलर/ टू व्हीलर हेतु | 100'+40'/2x<br>134+120/2 | 33 |
| 4. | आनन्द सिनेमा के पास – कार/जीप/टू व्हीलर हेतु | 75'x20' | 6 |
| 5. | आथोपेडिक विभाग महात्मा गांधी अस्पताल के सामने – कार/जीप हेतु | 100'x12' | 4 |
| 6. | गर्ल्स गाईड हैडक्वाटर की दीवार के साथ – जीप/कार/टैक्सी स्टेण्ड | 235'x25' | 22 |
| 7. | जी.डब्ल्यू.डी. कार्यालय की दीवार के साथ – बसों हेतु | 445'x35' | 58 |
| 8. | नगर विकास न्यास, जोधपुर कार्यालय के सामने – स्टेज केरिज बस/टू व्हीलर हेतु | 508'x40' | 76 |
| 9. | मुख्य पाली रोड पर सुलभ कॉम्प्लेक्स के सामने – जीप/कार/बसे/टैक्सी स्टेण्ड हेतु | 175'x60' | 39 |
| 10. | मुख्य जयपुर सडक पर कालवी प्याऊ के सामने – बसों हेतु | 687'x50' | 128 |
| 11. | शनिश्चर जी के थान के पीछे | 225'x10'-6" | 9 |
| 12. | मूसे खां पेट्रोल पम्प के पास – कार/जीप/थ्री व्हीलर हेतु | 160'x35' | 21 |
| 13. | गांधी मैदान के पीछे | 320'x21' | 25 |
| 14. | नेहरू पार्क के सामने – कार/जीप हेतु | 218'x11' | 9 |
| 15. | रातानाडा बाजार के सामने – कार/जीप हेतु | 126'x58'+<br>20/2 | 18 |
| 16. | पाल लिंक रोड घडी तिराहे के पास | 80'x<br>(30'+20'/2) | 7 |
| 17. | शास्त्रीनगर थाना से आईटीआई रोड काजरी के बाहर | 300' x 20' | 22 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18. | रोटरी भवन की दीवार के सहारे सोलंकी डेयरी तक | 500'x20' | 37 |
| 19. | रोटरी चौराहा नम्बर–2 मेडिकल कॉलेज | 300'x20' | 11 |
| 20. | सरदारपुरा डी रोड दुध दही भवन के सामने | 150'x20' | 11 |
| 21. | ट्रीनिटी अस्पताल के सामने बिल्डिंग लाईन व पेडों के बीच | 150'x15' + 150'x15' | 22 |
| 22. | सेंट एण्ड्रूज हॉल के सामने तथा बाहर | 250'x15'+ 150'x15' | 22 |
| 23. | सरदारपुरा थाने के पीछे मस्जिद वाली रोड | 300'x20' मौके पर नाले को ढकर पार्किंग स्थल बनाया जा सकता है। | 22 |
| 24. | सातवीं बी रोड नवजीवन अस्पताल के सामने | 200'x25'+ 200'x20' अस्पताल के बाहर फुटपाथ के स्थान व सामने की तरफ | 33 |
| 25. | हैप्पी होम के सामने सरदारपुरा | 200'x25' डामर कार्य हो रखा है। | 15 |
| 26. | थार हैण्डलूम (जालोरीगेट) के सामने | 50'x30' सीमेंट कंक्रीट हो रखी है। | 5 |
| 27. | जालोरीगेट भाटी सोफ्टी एण्ड सोफ्टी के सामने | 40'x30' सीमेंट कंक्रीट हो रखी है। | 4 |
| 28. | महावीर कॉम्प्लेक्स की दीवार के सहारे | 500'x20' + 100'x20' | 37+7 |
| 29. | तारघर के पास | 100'x20' गेट के बायीं ओर उपलब्ध | 7 |
| 30. | पाली रोड होटल ताज हरि के पश्चिम में | 200'x10' | 7 |
| 31. | भैरूजी चौराहे से आर.पी.एफ. रोड पर दीवार के सहारे | 300' x 20' + 150'x20' | 33 |
| 32. | दिलिप गार्डन की दीवार के सहारे | 300'x20'+ 400'x20' | 52 |
| 33. | एन.सी.सी. की दीवार के सहारे सी.एम. अग्रवाल के घर के सामने | 400'x20' | 30 |
| 34. | रातानाडा पैप्सी चौराहा, डिफेन्स लेब रोड के बायीं तरफ | 200'x25' | 18 |
| 35. | पावटा सी रोड आर्य समाज के बाहर | 100'x30' आकाशवाणी कार्यालय के बाहर | 11 |
| 36. | भदवासिया डिस्पेन्सरी के बाहर | 75'x20' | 5 |
| 37. | मण्डोर गार्डन के बाहर | 150'x40' | 22 |
| 38. | मानजी का हत्था प्लाट संख्या 25 से 31 के सामने | 105'x60' | 23 |
| 39. | मानजी का हत्था प्लाट संख्या 66 से 67 के सामने | 125'x10' | 4 |
| 40. | मानजी का हत्था प्लाट संख्या 57 से 63 के सामने | 100'x20' | 7 |
| 41. | मानजी का हत्था प्लाट संख्या 52 से 56 के सामने | 75'x20' | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 42. | मानजी का हत्था प्लाट संख्या 271 से 286 के सामने | 240'x20' | 17 |
| 43. | मानजी का हत्था प्लाट संख्या 213 से 220 के सामने | 100'x30' | 11 |
| 44. | मानजी का हत्था प्लाट संख्या 304 से 310 के सामने | 125'x20' | 9 |
| 45. | मानजी का हत्था प्लाट संख्या 1 से 16 (टेक्नोसोफ्ट के आगे) के सामने | 225'x20 | 16 |
| 46. | मानजी का हत्था सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के आगे | 140'x20' | 10 |
| 47. | शास्त्रीनगर सेक्टर ई व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 74 से 75 के आगे | 75'x90' | 25 |
| 48. | शास्त्रीनगर सेक्टर ई व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 55 व 58 के आगे | 100'x40' | 14 |
| 49. | शास्त्रीनगर सेक्टर ई नसरानी होटल के पास | 100'x25' | 9 |
| 50. | शास्त्रीनगर सेक्टर ई व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 114 व 117 के मध्य | 100'x25' | 9 |
| 51. | शास्त्रीनगर सेक्टर ई व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 127 व 130 के सामने | 50'x80' | 14 |
| 52. | शास्त्रीनगर सेक्टर ई रेस्टोरेंट साईट के पास | 80'x20' | 6 |
| 53. | मथुरादास माथुर अस्पताल के गेट नम्बर 1 से गेट नम्बर 2 के बीच | 600'x15' | 33 |
| 54. | शास्त्रीसर्कल पर मथुरादास माथुर अस्पताल की दीवार के सहारे | 300'x20' | 22 |
| 55. | शास्त्रीसर्कल पर राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड रेस्ट हाऊस के पास | 300'x20' | 22 |
| 56. | शास्त्रीनगर से सेक्टर एच की तरफ जाने वाली सडक के दोनों ओर | 2x450'x16' | 52 |
| 57. | शास्त्रीसर्कल से आईटीआई सर्कल जाने वाली सडक के दोनों ओर | 2x150'x20' | 22 |
| 58. | डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम वाले गेट तथा मेडिकल कॉलेज की चार दीवारी तक | 900'x20' | 66 |
| 59. | डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम के सामने सिटी प्लाजा के पास | 250'x15' | 13 |
| 60. | जलजोग चौराहे से मेडिकल कॉलेज जाने वाली सडक के दोनों ओर | 2x550'x15' | 61 |
| 61. | कल्पतरू सिनेमा से महाराष्ट्र भवन तक की सडक के दोनों ओर | 2x700'x15' | 78 |
| 62. | जोधपुर अस्पताल से रेजीडेंसी रोड की ओर जाने वाली सडक के दोनों ओर | 2x550'x15' | 61 |
| 63. | शास्त्रीनगर फायर बिग्रेड ऑफिस से लॉयन्स भवन तक | 350'x15' | 19 |
| 64. | मुख्य पाल रोड पर स्थित भाटी सीमेंट व साथ की दुकानें के बाहर शास्त्रीनगर सेक्टर ई | 300'x15' | 16 |
| 65. | केन्द्रीय विद्यालय नम्बर 1 की चार दीवारी के पास | 285'x30'<br>600'x30' | 98 |
| 66. | केन्द्रीय विद्यालय नम्बर 1 के सामने | 700'x20' | 52 |

बैठक में पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशानुसार उक्त पार्किंग स्थलों पर बोर्ड लगाये जाने व पार्किंग स्थल विकसित करने का कार्य पूर्ण नहीं होने पर निदेशक–अभियांत्रिक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर एवं श्री अरविन्द माथुर, अधिशाषी अभियन्ता पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया गया कि आगामी माह अक्टूबर, 2012 के प्रथम सप्ताह में हर सूरत में उक्त पार्किंग स्थलों पर लाईनिंग, मरम्मत एवं बोर्ड लगाये जाने का कार्य सुनिश्चित करें

और यातायात पुलिस तदनुरूप वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही खडे किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

(6) प्रमुख सडकों से यातायात में अवरोधक अतिक्रमण हटाना

बैठक में प्रमुख सडकों से यातायात में अवरोधक अतिक्रमण के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम द्वारा पेश रिपोर्ट पर चर्चा की गयी व बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निरन्तर रूप से किये जाने हेतु निर्देशित किया तथा यह भी निर्देश दिया कि जो टीम अतिक्रमण हटाने का कार्य कर रही हैं उनसे प्रतिदिन रिपोर्ट ली जावे व टीम कहां कहां काम कर रही है, इसकी समीक्षा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जोधपुर के स्तर से की जावे। बैठक में इस बिन्दु पर भी विचार विमर्श किया कि नो–पार्किंग जोन, फुटपाथ व बरामदों में अतिक्रमण पाये जाने पर नगर निगम द्वारा लगाये जाने वाले जुर्माने (Fine) की राशि कम है। इसे बढ़ाया जाना चाहिए। विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि यातायात में बाधक अतिक्रमणों/अवरोधों के प्रथम मामले में न्यूनतम 5000/– रूपये, द्वितीय बार में 10,000/– रूपये व तीसरी बार अतिक्रमण करने वाले के विरूद्ध ठेला/दुकान को सील किये जाने का प्रावधान किये जाने पर नगर निगम विचार कर उप नियमों में समुचित संशोधन करें।

(7) विद्युत खम्भों व लाईनों को हटाकर भूमिगत केबलिंग का कार्य

बैठक में प्राधिकरण द्वारा कराये गये कार्यों पर विचार विमर्श किया एवं अधिशाषी अभियन्ता–विद्युत को निर्देश दिए कि ऐसी विद्युत लाईनें जिनकी जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड/राजस्थान विद्युत प्रसार निगम द्वारा प्रस्तावित कार्यों में स्वीकृति नहीं हैं, के संबध में यातायात दबाव का विश्लेषण कर प्रस्ताव बनावें।

(8) टैक्सियों की संख्या सीमित रखने के प्रावधान की पालना

बैठक में प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर ने अवगत कराया कि जोधपुर शहर में ऑटो रिक्शा का स्कोप 6400 निर्धारित है। ट्राफिक कण्ट्रौल बोर्ड के निर्णय की पालना में नये परमिट तथा रिप्लेसमेंन्ट (प्रतिस्थापन) केवल एल.जी.पी. ऑटो रिक्शा को ही जारी किये जा रहे है। लोडिंग टैक्सी में एल.पी.जी. का कोई मॉडल मार्केट में उपलब्ध नहीं है तथा डीजल वाहनों को एल.पी.जी. किट से ऑलट्रैशन भी नहीं किया जा सकता है। जोधपुर शहर में वर्तमान में सी. एन.जी. का कोई पम्प उपलब्ध नहीं हैं।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि विभाग द्वारा ऑटो रिक्शा यात्री वाहनों पर कागजात के जांच के उपरान्त टोकन जारी किये जा रहे हैं। दिनांक 27 सितम्बर, 2012 तक 4345 ऑटोरिक्शा को टोकन जारी यिके जा चुके है। मॉडल कण्डीशन के पुराने 545 ऑटोरिक्शा एल.पी.जी. ऑटोरिक्शा से रिप्लेस किये जा चुके है।

बैठक में बाद विचार विमर्श प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को निर्देश प्रदान किये गये कि बिना टोकन वाले ऑटोरिक्शा के खिलाफ कार्यवाही की जावे।

(9) टैक्सी स्टेण्डों का निर्धारण

बैठक में उपस्थित प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने बताया कि उपायुक्त पुलिस (यातायात) द्वारा शहर में 260 स्थानों को आदेश दिनांक 27 मार्च, 2012 द्वारा सवारी ऑटो रिक्शा स्टेण्ड के रूप में अधिसूचित किया है। जिसमें ऑटो की संख्या भी निश्चित की गयी है।

विचार विमर्श कर निर्देश दिये कि परिवहन विभाग व यातायात पुलिस ऑटोरिक्शा को निर्धारित अधिसूचित टैक्सी स्टैण्ड पर ही पार्किंग कराने की सुनिश्चितता करें। नो–पार्किंग स्थल व गैर अधिसूचित स्थानों पर खडे ऑटो रिक्शा के विरुद्ध जब्ती, लाईसेंस/परमिट निरस्तीकरण व जुर्मानें आदि की कार्यवाही करें व साप्ताहिक रिपोर्ट प्राधिकरण को उपलब्ध करायी जावे।

(10) वाहनों की प्रदूषण जॉच

बैठक में उपस्थित प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने अवगत कराया कि अब तक निर्धारित मापदण्ड के वाहन नहीं पाये जाने पर कुल 195 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। यातायात पुलिस को भी ऐसे प्रकरणों में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

बैठक में इस संबंध में परिवहन विभाग व यातायात पुलिस को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये।

(11) वर्षा से क्षतिग्रस्त सडक मागो ं की मरम्मत

बैठक में अवगत कराया गया कि वर्षा ऋतु के कारण क्षतिग्रस्त सडक मार्गों की मरम्मत हेतु जोधपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, सार्वजनिक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग), सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राजस्थान आवासन मण्डल आदि समस्त विभागों के अधिकारियों से समन्वय कर कार्य योजना बनायी गयी है। कार्य योजना के अनुसार सड़कों की मरम्मत व नवीनीकरण विभिन्न विभागों द्वारा करायी जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग, सार्वजनिक निर्माण विभाग को विभिन्न सडकों की शीघ्र मरम्मत कार्य प्रारम्भ करने हेतु जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा दिनांक 11 सितम्बर, 2012 को 20.00 लाख रूपये की राशि उपलब्ध करायी है। सडकों के पेच वर्क व मरम्मत का कार्य लगभग 75 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। विभागवार मरम्मत की जाने वाली सडकों का विवरण निम्नानुसार है:–

| कं.सं. | विभाग का नाम | सडक का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | NH PWD | सोजतीगेट से कलक्टर कार्यालय |
| 2. | NH PWD | पावटा से महामंदिर से मण्डोर |
| 3. | NH PWD | मण्डोर से बावडी |
| 4. | NH PWD | प्रतापनगर से सूरसागर – मथुरादास माथुर चौराहा से बोम्बे मोटर से आखलिया से सूरसागर चौपड |
| 5. | NH PWD | सर्किट हाऊस से रातानाडा से पांचबत्ती |
| 6. | NH PWD | सोजतीगेट से रेलवे स्टेशन से ओलम्पिक से डीआरएम ऑफिस से रोटरी चौराहा–प्रथम |
| 7. | NH PWD | सर्किट हाऊस से राज आर्ट एम्पोरियम से कालवी प्याऊ |
| 8. | JMC | सरदारपुरा 1वीं से 12वीं रोड |
| 9. | JMC | मुख्य रोड शास्त्रीनगर (8रोड को छोडकर) |
| 10. | JMC | अन्दरूनी शहर की सडकें |
| 11. | JMC | लक्ष्मीनगर व पावटा, पोलो प्रथम व पोलो द्वितीय, मानजी का हत्था स्कीम |
| 12. | JMC | पब्लिक पार्क से नैनीबाई मंदिर तक – मिर्धा चौराहा तक |
| 13. | JMC | रातानाडा के अन्दर की सडकें |
| 14. | JMC | कमला नेहरू नगर (5 मुख्य सडकों को छोडकर) अन्दर की सडकें |
| 15. | JMC | सालासर हैण्डलूम से श्री हॉस्पिटल से 17 ई सेक्टर से अणदाराम परिहार स्कूल तक |
| 16. | JMC | शान्तिप्रिय नगर |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | JMC | खेमे का कुआ से एम्स रोड को जोडने वाली सडकें |
| 18. | JMC | चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड पहला पुलिया से सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल तक |
| 19. | JMC | चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड की सडकें |
| 20. | JDA | पाली रोड |
| 21. | JDA | पाल रोड |
| 22. | JDA | रोटरी चौराहा–प्रथम से 12वीं रोड चौराहा |
| 23. | JDA | शास्त्रीनगर – गांधीमूर्ति से दल्ले खां की चक्की तक, रोटरी चौराहा–द्वितीय से शास्त्रीसर्कल, आई.टी.आई. तक |
| 24. | JDA | सरदारपुरा ए,बी,सी,डी,ई रोड |
| 25. | JDA | शास्त्रीसर्कल से हनवन्त स्कूल |
| 26. | JDA | अहिंसा सर्कल से शास्त्री सर्कल |
| 27. | JDA | शास्त्रीसर्कल से सेक्टर–7 वाली रोड जी.डब्ल्यू.डी. के सामने होते हुए |
| 28. | JDA | एम.डी.एम. अस्पताल से बिस्सा मार्ग होते हुए पाल रोड तक |
| 29. | JDA | जलजोग चोराहे से कल्पतरू होते हुए बरकतुल्लाह खां स्टेडियत तक |
| 30. | JDA | जलजोग चौराहे से मेडिकल कॉलेज तक |
| 31. | JDA | रातानाडा – जेडीए सर्कल – भास्कर चौराहा से सब्जी मण्डी – पेप्सी चौराहे तक |
| 32. | JDA | भास्कर चौराहा से शिवमंदिर से पुलिस लाईन तक |
| 33. | JDA | सब्जी मण्डी रातानाडा से भाटी चौराहे तक |
| 34. | JDA | पांचबत्ती चौराहा से डिफेन्स लैब तक |
| 35. | JDA | पांचबत्ती से एयरपोर्ट, पांचबत्ती से एयरफोर्स तक |
| 36. | JDA | ग्रीनगेट से सेन्ट्रल स्कूल के सामने होते हुए सेनापति भवन तक |
| 37. | JDA | महालक्ष्मी स्वीट से अन्ध विद्यालय तक |
| 38. | JDA | अन्ध विद्यालय से प्रतापनगर थाना |
| 39. | JDA | अन्ध विद्यालय से गुरूओं का तालाब |
| 40. | JDA | सोमानी कॉलेज रोड |
| 41. | JDA | ई.एस.आई. अस्पताल रोड – शुभम हॉस्पीटल शामिल करते हुए पाल लिंग रोड |
| 42. | JDA | घडी तिराहा से सालासर हैण्डलूम तक |
| 43. | JDA | आखलिया चौराहा से चौपासनी से जैसलमेर बाईपास तक |
| 44. | JDA | खेमे के कुए से एम्स रोड तक का सडक |
| 45. | JDA | शास्त्रीनगर थाने से सुभाषनगर बीएसएनएल ऑसि के सामने से |
| 46. | JDA | पाल रोड से अमरनगर, राजीव गांधी कॉलोनी होते हुए देवनगर तक |
| 47. | JDA | भदवासिया क्रॉसिंग से सारण नगर तक |
| 48. | JDA | आर.टी.ओ. ऑफिस से कालवी प्याऊ तक |
| 49. | JDA | ट्रांसपोर्ट नगर बासनी के अन्दर की सडकें |
| 50. | RIICO | एम्स के सामने से सांगरिया फांटे तक |
| 51. | PWD | सम्पर्क सडक बालसमंद क्रॉसिंग – बीएसएफ के सामने से बालसमंद |
| 52. | PWD | नागौरीगेट से विद्याशाला – किले वाली रोड सूरसागर थाने तक |
| 53. | PWD | पावटा चौराहा से सर्किट हाऊस वाया राईकाबाग ओवरब्रिज |
| 54. | PWD | पावटा चौराहा से जयपुर रोड वाया रसाला रोड ओवरब्रिज |
| 55. | PWD | जालोरीगेट चौराहा से ओलम्पिक |
| 56. | PWD | नागौरीगेट से महामंदिर रेलवे स्टेशन वाया राम मोहल्ला |
| 57. | PWD | नागौरीगेट से महामंदिर लेवल क्रॉसिंग रोड |
| 58. | PWD | नागौरीगेट से नागौर रोड किमी 3 खेतसिंह जी के बंगले के पास |
| 59. | PWD | नागौरीगेट से कागा रोड |
| 60. | PWD | शनिश्चर जी के थान से उम्मेद अस्पताल, सिवांचीगेट चौकी तक |

| | | |
|---|---|---|
| 61. | PWD | सम्पर्क सडक महादेव जी का मंदिर लेप्रोसी अस्पताल व जीएसटीसी के पास |
| 62. | PWD | स्टेडियम के चारों तरफ की सडक – उम्मेद स्टेडियम |
| 63. | PWD | मेडतीगेट से स्टेडियम सडक – बम्बो मौहल्ला |
| 64. | PWD | शिप हाऊस से महकमा खास सडक – बलदेव राम मिर्धा सर्कल तक |
| 65. | PWD | सम्पर्क सडक मोहनपुरा क्षेत्र |
| 66. | PWD | सम्पर्क सडक सा.नि.वि कॉलोनी |
| 67. | PWD | सम्पर्क सडक राईकाबाग स्टेशन से मिल्ट्री अस्पताल वाया सा.नि.वि. सब इंजिनियर कार्यालय |
| 68. | PWD | आसूजी की प्याऊ से मण्डोर रेलवे स्टेशन वाया चैनपुरा स्कूल एवं टाक अस्पताल |
| 69. | PWD | चांदपोल से सूरसागर वाया विद्याशाला सडक |
| 70. | PWD | लालसागर अण्डरब्रिज भाग |
| 71. | PWD | कायलाना से चौपासनी सडक |
| 72. | PWD | सम्पर्क सडक पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र (आर.ए.सी.) |
| 73. | PWD | सम्पर्क सडक चौपासनी मंदिर सडक |
| 74. | PWD | सम्पर्क सडक नागौरीबेरा सडक |
| 75. | PWD | सम्पर्क सडक कलक्टर बंगलों सडक |
| 76. | PWD | सम्पर्क सडक जोधपुर – जैसलमेर सडक किमी 5/0 से हनुमानजी का बारिया वाया कायलाना सडक |
| 77. | PWD | सम्पर्क सडक गणेशजी का मंदिर सडक |
| 78. | PWD | बी.डी.ओ. ऑफ्फिस मण्डोर से गोकुल जी की प्याऊ |
| 79. | PWD | बी.आर.ओ. बाईपास से सुन्दरहील बालाजी वाया चौपासनी |
| 80. | PWD | उम्मेद उद्यान की सडकें |
| 81. | PWD | इंजिनियरिंग कॉलेज से लोको शेड वाया गंदा नाला |
| 82. | PWD | मण्डोर उद्यान की सडकें |
| 83. | PWD | हाईकोर्ट कॉलोनी (राजकीय अवास) की सडकें |
| 84. | PWD | राजस्थान उच्च न्यायालय व कलेक्ट्रेट परिसर की सडकें |
| 85. | PWD | सम्पर्क सडक केन्द्रीय कारागृह – रेलवे स्टेशन द्वितीयद्वार तक |
| 86. | PWD | जालोरीगेट पीएण्डटी ऑफिस से भैरूबाग व सरदार स्कूल |
| 87. | PWD | आईटीआई चौराहा से शास्त्रीनगर पुलिस थाना |
| 88. | PWD | नई सडक |
| 89. | PWD | राईकाबेरा से बासनी तम्बोलिया सडक |
| 90. | PWD | मोहनपुरा ओवरब्रिज से भाटी चौराहा |
| 91. | PWD | पुलिस लाईन क्षेत्र की सडकें |
| 92. | PWD | सम्पर्क सउक खोखरिया |
| 93. | PWD | संपर्क सडक न्यू दुर्गा मंदिर से जोधपुर–पाली सडक |
| 94. | PWD | मण्डोर बाईपास सडक |
| 95. | PWD | आसूजी की प्याऊ से नाजम बेरा |
| 96. | PWD | रेलवे स्टेशन से राजरणछोड जी का मंदिर |
| 97. | PWD | 5वीं रोड जंक्शन से 12वीं रोड जंक्शन |
| 98. | PWD | सूरसागर बाईपास रोड |
| 99. | PWD | पावटा सी रोड – अण्डरब्रिज से मटकी चौराहे तक |
| 100. | PWD | पावटा बी से सी रोड का लिंक |
| 101. | PWD | पाबूपुरा से एयरपोर्ट तक |
| 102. | PWD | राजाराम सर्कल (राजबाग चौराहे) से सूरसागर तक |
| 103. | PWD | सांगरिया फांटे से सालावास तक |

बैठक में उपरोक्तानुसार सडक मार्ग निर्धारित मापदण्ड, उत्तर क्वालिटी व निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 3 :: यातायात सुधार हेतु प्रस्तावित/कियान्वित मध्यमकालीन कार्य जो मार्च, 2013 तक पूर्ण होने संभावित हैं:–**

(1) प्रमुख सडक मार्गों का सौन्दर्यकरण, चौडाईकरण, डिवाईडर, फुटपाथ आदि लगाने का कार्य

बैठक में अवगत कराया गया कि शहर में सुगम यातायात की दृष्टि से निम्नलिखित विकास कार्य कराये गये हैं:–

(i) शहर के प्रमुख 25 सडक मार्गों को चिन्हित किया जाकर उक्त सडक मार्गों के चौडाईकरण एवं सौन्दर्यकरण, जल निकासी व्यवस्था आदि के कार्य स्वीकृत किये गये हैं। जो सूची निम्नानुसारः–

| कं.सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | ए– बासनी पुल से अणदाराम परिहर स्कूल तक वाया एम्स पाल रोड 4 लेन सडक का निर्माण कार्य<br>ब– अणदाराम परिहार स्कूल से चौपासनी रोड तक 4 लेन सडक का निर्माण कार्य | 3367.00 | 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। |
| 2. | सरदारपुरा डी रोड को 4 लेन सउक निर्माण कार्य | 350.00 | कार्य पूर्ण |
| 3. | डी.आर.एम. कार्यालय से गोल बिल्डिंग चौराहा वाया नेहरू पार्क को 4 लेन सडक निर्माण कार्य | 180.00 | कार्य पूर्ण |
| 4. | रोटरी चौराहा द्वितीय से शास्त्रीसर्कल – आईटीआई चौराहा तक 4 लेन सडक निर्माण | 400.00 | कार्य पूर्ण |
| 5. | ईएसआई हॉस्पिटल (कमला नेहरू नगर) रोड 4 लेन सडक निर्माण | 640.00 | विद्युत कार्य प्रगति पर है। विद्युत कार्य पूर्ण होने के पश्चात् कार्य प्रारम्भ होगी। |
| 6. | घडी तिराहा से सालासर हैण्डलूम तक 4 लेन सडक निर्माण कार्य | 150.00 | निविदा प्रकिया में हे। |
| 7. | अणदाराम परिहार स्कूल से डालीबाई मंदिर होते हुए राजीव गांधी नगर तक 4 लेन सडक निर्माण कार्य | 2500.00 | 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण। शेष कार्य प्रगति पर है। |
| 8. | आखलिया चौराहा से चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड होते हुए जैसलमेर बाईपास तक 4 लैन सडक का निर्माण कार्य | 2500.00 | 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण। शेष कार्य प्रगति पर है। |
| 9. | भदवासिया रेल्वे कॉसिंग से सारण नगर रेलवे कॉसिंग माता का थान तक 4 लेन सडक मय डिवाईडर इत्यादि का निर्माण कार्य | 1250.00 | 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण। शेष कार्य प्रगति पर है। |
| 10. | रोटरी चौराहे से न्यू पॉवर हाऊस तक सडक का सौन्दर्यकरण, सुदृढीकरण एवं अन्य विकास कार्य | 501.00 | 20 प्रतिशत कार्य पूर्ण। रा.वि.प्र.नि.लि. का कार्य प्रगतिरत् होने के कारण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | कार्य रूका हुआ है। |
| 11. | पावटा चौराहा से कालटेक्स वाया नैनीबाई का मंदिर– स्टेडियम तक 3/4 लेन सडक निर्माण | 360.00 | विद्युत कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। विद्युत कार्य के पश्चात् कार्य प्रारम्भ किया जावेगा। |
| 12. | संपर्क सडक के एन मुखर्जी मार्ग (रिक्तिया भैरूजी) से सब्जी मण्डी रातानाडा वाया पी.डब्ल्यू. डी. चौराहा– सैनापति भवन चौराहा 4 लेन सडक निर्माण | 840.00 | 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण। शेष कार्य प्रगति पर है। |
| 13. | सरदारपुरा सी रोड को 4 लेन सडक निर्माण कार्य | 560.00 | विद्युत कार्य प्रगति पर है। विद्युत कार्य के पश्चात् कार्य प्रारम्भ किया जावेगा। |
| 14. | बाबा रामदेव रोड मसूरिया के सौन्दर्यकरण एवं चार लेन सडक निर्माण कार्य | 510.00 | कार्य पूर्ण |
| 15. | सरदारपुरा 7वीं रोड एवं 5वीं रोड चौराहे से सिवांचीगेट तक 4 लेन सडक निर्माण कार्य | 760.00 | विद्युत कार्य प्रगति पर है। विद्युत कार्य पूर्ण होने पर कार्य प्रारम्भ होगा। |
| 16. | गुरू राजाराम नगर, पार्श्वनाथ नगर, गायत्री नगर सडक निर्माण कार्य (पैकेज संख्या 3) | 136.00 | कार्य पूर्ण। |
| 17. | भदवासिया स्कूल के पीछे से माता का थान तक 4 लेन सडक निर्माण कार्य (पैकेज संख्या 3) | 115.00 | कार्य पूर्ण |
| 18. | शिक्षक नगर, जयमाल नगर, शिवसागर की शेष सडक पर सडकों का निर्माण कार्य (पैकेज संख्या–1) | 133.00 | 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण। शेष कार्य प्रगति पर है। |
| 19. | कृष्णानगर, रिद्धि–सिद्धी नगर, राजीव गांधी कॉलोनी में सडकों का निर्माण कार्य (पैकेज संख्या–2) | 147.00 | 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण। शेष कार्य प्रगति पर है। |
| 20. | गुलजार नगर बिचलाबास न्यूपरिहार नगर (पैकेज संख्या4) | 149.00 | 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण। शेष कार्य प्रगति पर है। |
| 21. | पाल जोन के विभिन्न क्षेत्रों में सीवर लाईन डालने के पश्चात् शेष सडक निर्माण कार्य | 355.59 | 20 प्रतिशत कार्य पूर्ण। शेष कार्य प्रगति पर है। |
| 22. | झालामण्ड जोन के विभिन्न क्षेत्रों में सीवर लाईन डालने के पश्चात् शेष सडक निर्माण कार्य | 492.02 | सर्वे का कार्य पूर्ण। वर्षा के पश्चात् कार्य प्रारम्भ होने की संभावना। |
| 23. | लक्ष्मीनगर, न्यू बीजेएस–ए, हनुवन्त–ए, बीजेड एस.ए. एवं जेडएसबी में डामरीकरण का कार्य | 85.40 | कार्य पूर्ण। |
| 24. | ग्रीन गेट चौराहा जवाहर कॉलोनी सरदार कलब होते हुए वायुसेना पुलिस कार्यालय चौराहा तक सडक चौडा किये जाने का कार्य | 33.43 | 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण। शेष कार्य वर्षा के पश्चात् प्रारम्भ होने की संभावना। |
| 25. | सरस्वती नगर जेडीए योजना की मुख्य सडक एवं विभिन्न सेक्टरों का डामरीकरण कार्य | 160.00 | 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण। शेष कार्य प्रगति |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | पर है। |

इसके अलावा सार्वजनिक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा बनाड रोड से डांगियावास तक 4 लेन सडक चौडाईकरण, सुदृढीकरण एवं सौन्दर्यकरण का कार्य, पाल रोड सडक चौडाईकरण, सुदृढीकरण एवं सौन्दर्यकरण का कार्य, पाली रोड सडक चौडाईकरण, सुदृढीकरण एवं सौन्दर्यकरण का कार्य, डिफेन्स लेब से बिनायकिया सडक चौडाईकरण, सुदृढीकरण एवं सौन्दर्यकरण का कार्य, शिकारगढ से बी.आर.ओ. बाईपास तक सडक चौडाईकरण, सुदृढीकरण एवं सौन्दर्यकरण का कार्य किया गया है।

बैठक में उपरोक्त कार्यों की कियान्विती की समीक्षा कर निर्देश दिये कि उक्त सडक मार्ग के समुचित रखरखाव का कार्य सुनिश्चित किया जावे।

(2) विद्युत लाईनों के भूमिगत केबलिंग में बदलने का कार्यः–

जोधपुर विकास प्राधिकरण ने विद्युत लाईनों को भूमिगत केबिलिंग में बदले जाने का कार्य स्वीकृत किया/पूर्ण किया हैं। जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र.स | पूर्ण किये गये कार्य का नाम एवं स्थान | कुल व्यय |
|---|---|---|
| 1 | पावटा 'बी' रोड़ से 'सी' रोड़ वाया जालम विलास रोड़, लक्ष्मी नगर बी.जे.एस. चौराहा तक आवश्यकतानुसार सड़क बाधक पोलों, ट्रांसफार्मर,एचटी/एलटी लाईन इत्यादि शिफ्ट अथवा अण्डरग्राउण्ड करने का कार्य। | 10833497.00 |
| 2 | मिर्धा फॉर्म से जैसलमेर बाईपास तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफार्मर को आवश्यकतानुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 7423856.00 |
| 3 | सम्पर्क सडक के एन मुखर्जी मार्ग–सेनापति सर्कल–सब्जी मण्डी तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफॉर्मर को आवश्यकनुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 3842835.00 |
| 4 | चांदणा भाखर से प्रताप नगर के सामने रेलवे क्रोसिंग तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफॉर्मर को आवश्यकनुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 5719638.00 |
| 5 | मदेरणा कॉलोनी मोड़ से नृरसिंह प्याऊ चौराहा तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफार्मर को आवश्यकतानुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 10920002.00 |
| 6 | बाबा रामदेव रोड मसुरिया तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफॉर्मर को आवश्यकनुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 6695614.00 |
| 7 | नेहरू पार्क रोड (डीआरएम ऑफिस से गोल बिल्डिंग चौराहा सी रोड) तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफॉर्मर को आवश्यकनुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 3359324.00 |
| 8 | रोटेरी सर्कल 1 से न्यू पावर हाऊस तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफॉर्मर को आवश्यकनुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 7944699.00 |
| 9 | माता का थान एवं 80 फुट रोड पर सडक बाधक पोल शिफ्ट करने का कार्य। | 1000000.00 |
| 10 | लाल सागर तिराहा से गोकुल जी प्याउ तक विद्युतीकरण का | 6000000.00 |

| | | |
|---|---|---|
| | कार्य। | |
| 11 | चैनपुरा स्टेडियम के बाहर सड़क व वाकिंग ट्रेक पर विद्युत पोल लाईन इत्यादि का कार्य। | 1000000.00 |
| 12 | अणदाराम स्कूल से डाली बाई मंदिर तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफार्मर को आवश्यकतानुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य | 11838361.00 |

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा यातायात सुदृढ एवं सडके चौडी करने के लिये विद्युत विभाग की लाईनों एवं ट्रांसफार्मर को भूमिगत अथवा शिफ्ट कर सड़क चौडी करने के प्रगतिरत कार्य ।

| क्र.स | प्रगतिरत कार्यो का नाम एवं स्थान | भौतिक स्थिति | कार्यादेश राशि | वर्तमान तक खर्च |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डाली बाई मंदिर से राजीव गांधी नगर तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफार्मर को आवश्यकतानुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य | 90% | 13238248.00 | 8097886.00 |
| 2 | आखलिया चौराहा से प्रथम पुलिया तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफार्मर को आवश्यकतानुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य | 90% | 11514997.00 | 7642598.00 |
| 3 | प्रथम पुलिया से नाथुराम मिर्धा फार्म तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफार्मर को आवश्यकतानुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 60% | 11458263.00 | 9116500.00 |
| 4 | भदवासिया रेल्वे क्रोसिंग से मदेरणा कॉलोनी मोड तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफार्मर को आवश्यकतानुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 90% | 10992320.00 | 12592604.00 |
| 5 | बासनी पुल से एम्स् रेजिडेन्सियल कॉलोनी एवं रेजिडेन्सियल कॉलोनी से पाल रोड़ बाईपास तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफार्मर को आवश्यकतानुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य (एम्स तक कार्य पूर्ण) | 60% | 6729981.00 | 7093065.00 |
| 6 | पाल रोड़ से अणदाराम स्कूल एवं चौपासनी रोड़ तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन | 90% | 8976846.00 | 8778996.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | एवं ट्रांसफार्मर को आवश्यकतानुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य | | | |
| 7 | सरदारपुरा डी रोड़ को फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफार्मर को आवश्यकतानुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य एवं ट्यूबलर पोल, केबल लाईटें इत्यादि से सार्वजनिक पथ प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | 90% | 8854523.00 | 11690421.00 |
| 8 | नृरसिंह प्याउ चौराहा से बनाड़ फाटक तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफार्मर को आवश्यकतानुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 90% | 8369326.00 | 6306778.00 |
| 9 | पाली सड़क पर रिक्तियां भैरूजी चौराहे से शताब्दी चौराहे के मध्य सड़क तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफॉर्मर को आवश्यकनुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 70% | 2970354.00 | 819248.00 |
| 10 | पाल लिंक रोड़ पर घडी तिराहा से चौपासनी रोड़ तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफॉर्मर को आवश्यकनुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 60% | 6083759.00 | 2550450.00 |
| 11 | रोटरी चौराहा द्वितीय से शास्त्री सर्किल–आईटीआई चौराहा–डेयरी–बासनी आरओबी पाल लिंक रोड (प्रथम चरण में रोटरी चौराहा से आई.टी.आई. चौराहा तक) तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफॉर्मर को आवश्यकनुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 95% | 5459721.00 | 1872197.00 |
| 12 | ईएसआई हॉस्पिटल रोड तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफॉर्मर को आवश्यकनुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 60% | 8535935.00 | 2559242.00 |
| 13 | सरदारपुरा पुलिस थाने से जलजोग चौराहे तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं | 80% | 5560775.00 | 1790451.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ट्रांसफॉर्मर को आवश्यकनुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | | | |
| 14 | चौपासनी रोड़ कमला नेहरू नगर से चांदणा भाखर अंधो की स्कूल के पीछे वाली रोड़ तक फोर लेन सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफॉर्मर को आवश्यकनुसार भूमिगत करना अथवा शिफ्ट् करने का कार्य। | 70% | 6939206.00 | 1609127.00 |
| 15 | घडी तिराहा से सालासर हैण्डलूम तक फोर लेन सडक निर्माण मे बाधक विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफार्मर को आवश्यतानुसार भूमिगत करना अथवा शिफट करने का कार्य | 70% | 5525057.00 | 2056819.00 |

बैठक में विचार विमर्श कर उपरोक्त कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया कार्य निर्धारित मापदण्ड के अनुसार, उत्तम क्वालिटी के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश निदेशक–अभियांत्रिक को प्रदान किये।

(3) जोधपुर शहर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुदृढ किये जाने की दृष्टि सें बी.आर.टी. एस. बसों का संचालन

बैठक में अवगत कराया गया कि जोधपुर शहर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुदृढ किये जाने की दृष्टि से जोधपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड नामक कम्पनी का गठन किया गया है। इसके माध्यम से प्रारम्भ में 22 बसों का संचालन प्रमुख मार्गों पर किया गया था। वर्तमान में 6 बसों का संचालन उक्त कम्पनी द्वारा किया जा रहा है। राज्य सरकार के स्तर पर उक्त कम्पनी को बसें क्रय करके उपलब्ध कराये जाने का कार्य अन्तिम चरण में हैं। सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध होने की स्थिति में निजी वाहनों के आवागमन में निश्चित रूप से कमी आयेगी।

बैठक में इस संबंध में शीघ्र कार्यवाही करने हेतु नगर निगम, जोधपुर के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 4 :: यातायात सुधार हेतु प्रस्तावित/कियान्वित दीर्घकालीन कार्य**

(1) यातायात नियंत्रण के लिए मास्टर प्लान का निर्माण

बैठक में अवगत प्राधिकरण द्वारा मैसर्स विल्बर स्मिथ नामक एजेन्सी के माध्यम से काम्प्रीहैंसिव मोबिलिटी प्लान तेयार कर प्राधिकरण स्तर पर अनुमोदित कर भिजवाया गया है। उक्त मोबिलिटी प्लान का अनुमोदन राज्य सरकार के स्तर से किया जाना है। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा निवेदन किया गया है किन्तु आदिनांक तक उक्त प्लान के अनुमोदन की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। राज्य सरकार के अनुमोदन होने के पश्चात् उक्त प्लान को तेयार किये जाने के लिए आयी लागत राशि में से लगभग 9.00 लाख रूपये का अंशदान केन्द्र सरकार से प्राप्त होगा।

बैठक में निदेशक–अभियांत्रिक को पुनः इस संबंध में स्मरण–पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

(2) यातायात घनत्व वाले स्थानों पर मल्टी लैवल पार्किंग व फुटओवब्रिज पूल का निर्माण

बैठक में उपस्थित नगर निगम के प्रतिनिधि ने बताया कि गांधी मैदान पर मल्टी लेवल पार्किंग बनाये जाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 10.000 करोड रूपये की राशि स्वीकृत की गयी है और उक्त कार्य कराये जाने के लिए रीडकोर नाम संस्था को कार्यकारी एजेन्सी बनाया गया है। इसके अतरिक्त फुटओवरब्रिज बनाये जाने के लिए प्रस्तावित आमंत्रित कर राज्य सरकार को स्वीकृति हेतु भिजवाया गया है।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उक्त कार्य शीघ्र कराये जाने के निर्देश प्रदान किये।

(3) 132 के.वी. व 220 के.वी. की विद्युत लाईनों को भूमिगत केबलिंग में बदलने का कार्य

बैठक में अवगत कराया गया कि प्रमुख सडक मार्गों पर विद्युत खम्भों एवं विद्युत लाईनों के कारण यातायात के लिए कम स्थान मिल पाता हैं जिससे सुगम यातायात में अवरोध उत्पन्न होता है।

जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 11 केवी व 33 केवी की लाईनों को ए.पी. डी.आर.पी.योजनान्तर्गत 265.00 करोड रूपये राशि की लागत से भूमिगत केबलिंग में बदले जाने का कार्य करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड द्वारा 132 केवी व 220 केवी की लाईनों के 250.00 करोड रूपये की राशि की लागत से भूमिगत केबलिंग में बदले जाने का कार्य करवाया जा रहा है।

बैठक में बाद विचार विमर्श कर निर्देश दिये कि जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम को भूमिगत केबलिंग संबंधी उक्त कार्य निर्धारित समयावधि में शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया जावे।

(4) आर.ओ.बी./आर.यू.बी. का निर्माण

जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा रेलवे व इरकॉन के साथ साझा प्रयास कर 8 आर.ओ.बी. /आर.यू.बी. का कार्य स्वीकृत किया गया है। इसमें से 4 का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। आर.ओ. बी./आर.यू.बी. की सूची निम्नानुसार हैः–

| क्र.सं. | आर.ओ.बी./ आर.यू.बी. का विवरण | अनुमानित लागत | लागत में भागीदारी | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1– | सारण नगर आर.ओ.बी. निर्माण (रेलवे कॉसिंग सी–165) | 7500.00 लाख | 1400.0 लाख रेलवे तथा 6100.00 लाख रूपये राज्य सरकार की | जी.ए.डी. स्वीकृति हेतु रेलवे को प्रेषित की जा चुकी है। रेलवे मुख्यालय जयपुर में लम्बित है। इरकॉन द्वारा निविदा प्राप्त कर कार्यादेश जारी कर दिया गया है। |
| 2– | पावटा बी रोड आर.यू.बी. निर्माण (रेलवे | 1500.00 लाख | 300.00 लाख रेलवे तथा 1200 लाख राज्य सरकार की | रेलवे द्वारा जी.ए.डी. स्वीकृत की जा चुकी है। इरकॉन द्वारा निविदा प्राप्त कर कार्यादेश |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कॉसिंग सी–2) | | | जारी कर दिया गया है। |
| 3– | खतरनाक पुलिया आर.यू. बी. निर्माण (रेलवे कॉसिंग सी–71 बी) | 1000.00 लाख | राज्य सरकार | रेलवे द्वारा जी.ए.डी. स्वीकृत की जा चुकी है। इरकॉन द्वारा निविदा प्राप्त कर कार्यादेश जारी कर दिया है। |
| 4– | बनाड पर आर. ओ.बी. निर्माण (रेलवे कॉसिंग सी–160) | 3000.00 लाख | राज्य सरकार | रेलवे द्वारा जी.ए.डी. स्वीकृत की जा चुकी है। इरकॉन द्वारा निविदा प्राप्त कर कार्यादेश जारी कर दिया गया है। |
| 5– | आर.टी.ओ. रोड पर आर.ओ.बी. निर्माण (रेलवे कॉसिंग सी–168) | 4600.00 लाख | 1300.00 रेलवे तथा 3300.00 लाख राज्य सरकार | प्रस्तावित चार लेन आर.ओ.बी. के लिए वांछित भूमि के अधिग्रहण क्षेत्र में मकानात व दुकानों आदि की स्थिति एवं आर.टी.ओ. कार्यालय के स्थान परिवर्तन के प्रस्ताव के मध्यनजर उक्त प्रस्ताव विचाराधीन है। |
| 6– | माणकलाव पर आर.ओ.बी. निर्माण (रेलवे कॉसिंग सी–18) | 3626.00 लाख | 800.00 लाख रेलवे तथा 2800.00 लाख राज्य सरकार | जोधपुर रिंग रोड के लिए आर एस..आर.डी. द्वारा एलाईनमेंट फाईनल करने का कार्य प्रगति पर है इसके पश्चात् ही उक्त कार्य के निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है। |

इसके अलावा प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित दो आर.यू.बी./आर.ओ.बी. का निर्माण करवाया जा रहा है:–

| क्र.सं. | आर.ओ.बी./ आर.यू.बी. का विवरण | अनुमानित लागत | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1– | भदवासिया आर.ओ.बी. निर्माण (एल.एस.सी.– 7) | 3700.00 लाख | कार्य प्रगति पर लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण। |
| 2– | रिक्तिया भैरूजी चौराहा पर आर.ओ.बी. निर्माण (एल.सी. बी–72) | 9300.00 लाख | जी.ए.डी. स्वीकृति हेतु रेलवे को प्रस्तुत की जा चुकी है। |

बैठक में विचार विमर्श कर निर्देश दिये कि स्वीकृत आर.ओ.बी./आर.यू.बी. के कार्यों को प्राथमिकता से निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये जावे।

(5) प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव के बोझ को कम करने के लिए वैकल्पिक सडक मार्ग का निर्माण

बैठक में अवगत कराया गया कि प्रमुख मार्गों पर यातायात के दबाव के बोझ को कम करने के लिए निम्नानुसार वैकल्पिक सडक मार्ग का निर्माण कार्य प्रस्तावित है:–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | राशि (लाख रूपये में) |
|---|---|---|
| 1– | जोधपुर दुर्ग से बालसमंद रावटी – सूरसागर मुख्य सडक जोडने हेतु सडक निर्माण कार्य | 1000.00 |

| | | |
|---|---|---|
| 2– | जालोरीबारी से सोजतीगेट होते हुए नई सडक तक मरम्मत कार्य | 10.00 |
| 3– | बलदेवनगर मिर्धा चौराहा से शिप हाऊस नागौरीगेट तक सडक निर्माण कार्य | 124.00 |

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से बैठक में उपस्थित निदेशक–अभियांत्रिक को निर्देश प्रदान किये कि उक्त स्वीकृत कार्यों के संबंध में निविदा संबंधी औपचारिकताएं पूर्ण कर माह अक्टूबर, 2012 तक कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जावे।

(6) रिंग रोड परियोजना का निर्माण

रिंग रोड परियोजना को सार्थक बनाने हेतु जोधपुर विकास प्राधिकरण के स्तर पर एक प्राथमिक सर्वेक्षण करवाया गया है एवं पाया गया कि जोधपुर शहर के चारो ओर 4 लेन रिंग रोड का निर्माण किया जा सकता है। रिंग रोड का निर्माण वर्तमान में प्रचलित किसी भी एक पी.पी. मॉडल पर किया जाना संभव है। इस बाबत इस कार्यालय पत्रांक 505 दिनांक 5 जुलाई, 2012 अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग को उक्त कार्य अपने अधीन करवाने हेतु लिखा गया है।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि इस संबंध में पुनः राज्य सरकार से निवेदन किया जावे कि शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर किये जाने की दृष्टि से योजना मद से राशि स्वीकृत करायी जावे।

(7) ट्रांसपोर्ट नगर व ऑटोमोबाईल नगर का विकास

शहर में भारी वाहनों के गुजरने से यातायात अवरोध को दृष्टिगत रखते हुए बासनी औद्योगिक क्षेत्र एवं आंगणवा में प्राधिकरण द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर का विकास किया जा चुका है। ग्राम आंगणवा में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 79 भूखण्ड, ऑटोमोबाईल व्यवसाईयों के लिए 219 भूखण्ड एवं बासनी औद्योगिक क्षेत्र में 267 भूखण्ड प्राधिकरण द्वारा आवंटित किये गये हैं। इसके अतिरिक्त भावी आवश्यकता को देखते हुए ग्राम मोगडा खुर्द के खसरा सख्या 142 रकबा 357 बीघा भूमि में नवीन ट्रांसपोर्ट नगर व ऑटोमोबाईल नगर विकसित किये जाने का निर्णय लिया जा चुका है।

बैठक में उपस्थित उपायुक्त–दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि मोगडा में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर व ऑटोमोबाईल नगर विकसित किये जाने की योजना को अन्तिम रूप दिया जाकर माह नवम्बर, 2012 के प्रथम सप्ताह तक भूखण्डों के इच्छुक आवेदकों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जावे।

(8) रोडवेज बस स्टेण्ड का विस्तार तथा राईकाबाग सब्जी मण्डी को अन्यत्र शिफिटंग

वर्तमान में राईकाबाग ओवरब्रिज के समीपस्थ राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) का केन्द्रीय बस स्टेण्ड संचालित हैं। जोधपुर शहर के मास्टर प्लान वर्ष 2001 से 2023 में उक्त बस स्टेण्ड का विस्तार किये जाने एवं फल सब्जी मण्डी को अन्यत्र शिफ्ट किये जाने का प्रावधान किया गया है। इस दृष्टि से राज्य सरकार के स्तर पर फल सब्जी मण्डी को भदवासिया में शिफ्ट किये जाने एवं वर्तमान बस स्टेण्ड का विस्तार कर राष्ट्रीय स्तर का बस स्टैण्ड बनाये जाने का निर्णय लिया जा चुका हैं। भदवासिया स्थित रोडवेज के सेन्ट्रल वर्कशोप को भी अन्यत्र स्थानान्तरित करने का निर्णय लिया गया है। जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम देसूरिया विश्नोईयां में खसरा संख्या 55, 56 में 17 बीघा भूमि रोडवेज को आवंटित की जा चुकी है।

बैठक में विचार विमर्श कर बैठक में उपस्थित राजस्थान पथ परिवहन निगम लिमिटेड के प्रबन्धक (परिचालन) को निर्देश दिये कि मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार बस स्टेण्ड को विकसित किये जाने व पावटा सब्जी मण्डी को भदवासिया शिफ्‌ट किये जाने की कार्यवाही को गति प्रदान करें। प्रबन्धक (परिचालन) ने बताया कि राज्य स्तर पर उक्त बस स्टेण्ड को विकसित किये जाने के लिए विशेषज्ञ आर्किटेक्ट से प्रस्तावित आमंत्रित किये जा चुके हैं एंव डिजाईन का चयन होते ही प्रस्ताव आमंत्रित करने की कार्यवाही की जावेगी।

तत्पश्चात् बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई।

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर

कमांक/बैठक/2012/02-52 दिनांक :: 03 अक्टूबर, 2012

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय एवं आवासन विभाग, राज. जयपुर ।
2. महापौर, नगर निगम, जोधपुर।
3. जिला कलक्टर, जोधपुर।
4. पुलिस उपायुक्त-पूर्व/पश्चिम/मुख्यालय एवं यातायात/पुलिस अधीक्षक-ग्रामीण, जोधपुर।
5. निजी सचिव, अध्यक्ष/आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
6. रजिस्ट्रार, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी/आयुक्त, जोधपुर नगर निगम, जोधपुर।
8. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर।
9. मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर।
10. प्रबन्ध निदेशक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर।
11. प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लिमिटेड, जोधपुर।
12. मुख्य प्रबन्धक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर।
13. जिला रसद अधिकारी, जोधपुर
14. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर।
15. महाप्रबन्धक (प्रचालन), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड, जोधपुर
16. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/जो.वि.वि.नि.लि, जोधपुर।
17. मुख्य नियंत्रक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
18. उप निदेशक, पर्यटन, जोधपुर।
19. निदेशक अभियांत्रिकी/आयोजना/विधि/वित्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
20. उपायुक्त-पूर्व/पश्चिम/उत्तर/दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
21. कमाण्डर, 45 सीमा सडक कृतिक बल, जालम विलास, पावटा बी रोड, जोधपुर
22. अधिशाषी अभियन्ता-नगरवृत/विद्युत, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर
23. अधिशाषी अभियन्ता, ................ (समस्त) जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
24. वरिष्ठ लेखाधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
25. उप नगर नियोजक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
26. तहसीलदार, पूर्व/पश्चिम/उत्तर/दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
27. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

28. मैसर्स ओसवाल डाटा प्रोसेस, कार्यालय परिसर, जोधपुर को उक्त कार्यवाही विवरण का अंकन वेब–साईट पर करने हेतु प्रेषित है।

29. ————————————————————————

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर

परिशिष्ट–1

**दिनांक 28 सितम्बर, 2012 को को प्रातः 11.00 बजे श्री रतन लाहोटी, जोधपुर विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण**

| क्र.सं. | नाम अधिकारी मय पदनाम व विभाग |
|---|---|
| 1. | श्री हरिप्रसाद पिपरिया, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर |
| 2. | श्री मनीष अग्रवाल, अति.पुलिस अधीक्षक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 3. | श्री नरपतसिंह, सहायक पुलिस उपायुक्त, यातायात, जोधपुर |
| 4. | श्री काशी प्रसाद, एईई, 45 सीमा सडक कृतिक बल, जोधपुर |
| 5. | श्री एस.एल. सेठी, निदेशक–आयोजना, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 6. | श्री एम.एस. रावल, निदेशक–अभियांत्रिक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 7. | श्री पी.सी. चौहान, प्रबन्धक (यातायात), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड, जोधपुर |
| 8. | श्री वी.के. वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता–विधुत खण्ड–II, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर |